## सार-समाचार

### कृष्णकान्त शर्मा अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। आज 22.03.2025 को बैंक के प्रधान कार्यालय, मण्डिया रोड पाली में भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष विशाल जोशी एवं भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री सुनील चौहान की उपस्थिति में चुनाव करवाये गये।जिसमें सर्व सम्मति से सम्पूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया गया। उक्त कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर कमलेश कुमार अरोड़ा एवं अशोक कुमार ओझा तथा कर्मचारी संघ अध्यक्ष कृष्णकान्त शर्मा, 5वीं बार कार्यकारी अध्यक्ष खेताराम सोनी, महासचिव राजेन्द्र चौधरी, वरि. उपाध्यक्ष बाबूलाल सैन, हरीश अरोड़ा, मुन्नालाल जैन, कोषाध्यक्ष श्यामलाल शर्मा, सचिव महेन्द्र कुमार जैन, संगठन मंत्री हितेश अरोड़ा, सहसचिव ज्ञानचन्द कास्टिया, लुम्बाराम चौधरी, राजेश बिन्दल, कार्यालय मंत्री महेन्द्रसिंह इन्दा, प्रकाशचन्द रूणवाल, कार्यकारिणी सदस्य गणपत लाल सोलंकी, चैनसिंह चौहान, नरेन्द्र अरोड़ा, कार्यकारिणी सलाहकार अनिल अरोड़ा को नियुक्त किया गया। इन सभी का भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से मासिक अंशदान बढ़ाये जाने एवं अनुबन्धित कर्मचारियों को भी संघ का सदस्य बनाये जाने का निर्णय लिया गया।

### रणोदर में मेले का आयोजन हुआ

**धोरीमन्ना**, (निसं)। निकटतम रणोदर ग्राम पंचायत में कई सदियां पुराना शीतला माता का मंदिर में मेला आयोजन हुआ। शुक्रवार की महा आरती शीतला सातम व शीतल अष्टमी का भव्य मैला का आयोजन होता है। विकास देवासी ने बताया कि कोरोना महामारी व लंपी जैसी महामारी को लेकर शीतला माताजी के आशीर्वाद से सौ प्रतिशत बीमारी से कोई नुकसान नहीं हुआ। जो भक्तजन माता के शरण में आता है आस्था लेकर उनकी मन्नत पूरी करती है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेले में भाग लेते हैं। शीतला माता के नाम गौशाला भी संचालित हैं , सैकडो बीघा माताजी के ओरण भूखंड है। शीतला माता युवा संघ मीठा जल की प्याऊ द्वारा सेवा इनके द्वारा दी जाती है। शीतला माता के मेले में चौहटन क्षेत्र, गुडामालानी धोरीमना, चितलवाना, सांचोर, बाडमेर आदि क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माताजी की पूजा व भोग लगा।

### विधायक विश्नोई ने शोक जताया

**बाप**, (निसं)। फलोदी विधायक मास्टर पब्बाराम विश्नोई शनिवार को क्षेत्र के दौरे पर रहे। विधायक विश्नोई होपारडी निवासी शिक्षाविद गोपीलाल पालीवाल के स्वर्गवास पर आयोजित शोक सभा में होपारडी पहुंचे तथा भाई सांगीदान, पुत्र हीरालाल व महेश को ढांढस बंधाया। मोडकिया, घटोर में शतायु भुराराम मेगवाल के निवास पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजन अमृत महादेवपुरा, लीलाराम, जगनाराम, लुम्भाराम को सांत्वना दी। बाप में ओमप्रकाश खत्री की पत्नी बीरा देवी तथा शिक्षाविद संघ के खंड संघ चालक मनसुख पालीवाल की पुत्री की अल्पायु में निधन पर शोक प्रकट कर परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान विधायक ने घटोर में लोगों की समस्याओं को भी सुना। एडवोकेट मदन शर्मा, ओम राठी, हरी माडपुरा आदि साथ थे।

### गजेंद्र सिंह शेखावत का पोकरण दौरा आज

**पोकरण**, (निसं)। केंद्रीय मंत्री और जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को पहली बार पोकरण में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे।ोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी के जनसंपर्क कार्यालय फलसुंड रोड पोकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज ने आम जनता को व्यक्तिगत और सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के होली के रसिया भजन मंडली द्वारा भजन,पुष्पों की होली, विकास के मुद्दों एवं राजनीतिक चर्चाओं के साथ पंचायती राज एवं पालिका चुनावों के संदर्भ में राजनीतिक विशेषज्ञों की विशेष नजर रहेगी। यह कार्यक्रम राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे आगामी चुनावों की रणनीतियों और समीकरणों पर चर्चा हो सकती है। पोकरण में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति से जनता और राजनीतिक विशेषज्ञों के बीच विशेष उत्साह है।

### 3400 नये अधिवक्ताओं का पंजीयन

**जोधपुर**, (का.सं.)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की पंजीयन समिति की बैठक आज शनिवार, दिनांक 22.03.2025 को डॉ. महश शर्मा की अध्यक्षता में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय जोधपुर में संपन्न हुई। पंजीयन समिति के सदस्य कपिल प्रकाश माथुर एवं देवेन्द्र सिंह राठौड़ तथा विशेष आमंत्रित सदस्य जगमाल सिंह चौधरी व राजेश पंवार भी बैठक में उपस्थित थे। पंजीयन समिति द्वारा लगभग 3400 नये अधिवक्ताओं का पंजीयन किया गया। गौरमतलब है कि बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं का नामांकन पहली बार किया गया है। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए, उक्त बैठक में पंजीकृत हुए युवा अधिवक्ताओं को बधाई प्रेषित की है एवं इतनी बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के नामांकन को बार कौंसिल की अधिवक्ताओं के प्रति प्रतिबद्धता एवं समर्पण का प्रमाण बताया है।

### विष्णु कुमार को डॉक्टरेट की उपाधि

**बाप**, (निसं) । बाप उपखंड क्षेत्र के धोलिया निवासी विष्णु कुमार बारूपाल को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के 21वें दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और कुलपति प्रो. अजीतकुमार कर्नाटक द्वारा भू-विज्ञान विभाग में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। विष्णु कुमार ने अपनी डॉक्टरेट की उपाधि डॉ. वीएस परिहार के निर्देशन में 'जियोलोजिकल इन्वेस्टीगेशन ऑफ रॉक्स ऑफ द लाठी फोरमेशन ऑफ द जैसलमेर बैसिन, वेस्टर्न राजस्थान, इंडिया' विषय पर पूर्ण की है। जैसलमेर के जुरासिक काल के जीवाश्म व रॉक्स से इनके शोध पत्र कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के लोगो ने खुशी जताते हुए बारूपाल को बधाई दी।

### भाटी व राठौड को गोल्ड मेडल मिला

**बाप**, (निसं)। बाप उपखंड क्षेत्र के कानसिंह की सिड निवासी शिक्षक भंवर सिंह भाटी की पुत्री व्याख्याता शीतल कंवर तथा मास्टर ऑफ फिजिक्स में रिंकू राठौड को जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय के 21 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। व्याख्याता शीतल भाटी मेधावी बेटी है, उनके दादा लख सिंह गौरव सेनानी के साथ बैंकिंग सेवा में शाखा प्रबंधक पद से सेवानिवृत है। रिंकू राठौड के ससुर गणपत सिंह शारीरिक शिक्षक है। भाटी व राठौड को गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर बाप प्रधान मौन कवर, एडवोकेट रतन सिंह, बाप नगरपालिका अध्यक्षा लीलादेवी पालीवाल, शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष नरपत सिंह आदि ने बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के साथ गांव का गौरव बढ़ाया है।

### रात्रि कालीन क्रिकेट प्रति. का पोस्टर जारी

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण कांग्रेस के युवा नेता भोम सिंह भणियाणा व युवा नेता नगर अध्यक्ष गोपाल जोशी ने जैसलमेर रोड स्थित निजी होटल में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में बताया कि शहर के 25 वार्डों के क्रिकेट प्रेमीयो के लिए 4 अप्रैल से 9 अप्रैल तक रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में हो रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम निःशुल्क खेलेगी। शहर के 25 वार्डों के खिलाडी अलग-अलग टीम में भाग लेंगे। इस दौरान रात्रकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया गया।

### गांव शाही गैर में गैरियों की धमचक

**पाली**, (नि.सं.)। नगर निगम और प्रशासन की ओर से सूरजपोल चौराहे पर हर वर्ष की तरह गांव शाही गैर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें शाम 6 बजे से नन्हे मुन्ने बच्चे विभिन्न प्रकार की ड्रेस पहनकर व सभी समाजों के लोग सज धज कर पैरों में घुंघरू बांध हाथों में डांडिया लिए ढोल थाली की थाप पर गैर नृत्य करते रहे। रात्रि 8:30 बजे गैर का समापन होने पर आयुक्त नवीन भारद्वाज व नगर निगम के अधिकारियों ने पुरुष वर्ग, बालक वर्ग के श्रेष्ठ नृत्कों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शाही गैर हर साल की तरह शीतला सप्तमी के दूसरे दिन आयोजित की जाती है।

### गौतम गुण लब्धी भवन का उद्घाटन

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के महावीर नगर में शनिवार को विजय मुहूर्त 12.39 बजे गौतम गुण लब्धी भवन का उद्घाटन अचल गच्छाधिपति आचार्य भगवंत कलाप्रभ सुरीश्वर महाराज,गणी कमलप्रभसागर सहित 18 साधु साध्वी की उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन के लाभार्थी मांगीलाल, संदीप कुमार, कपिल कुमार बोहरा थे। प्रातः 9 बजे नवलखा जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली। ट्रस्टी मनीष बोहरा ने बताया कि पाली विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख,पाली जैन श्री संघ के ट्रस्ट और सामाजिक संस्थाएं, तपागच्छ संघ, खरतरगच्छ संघ, स्थानकवासी संघ,तेरापंथ संघ, दिगंबर समाज के पदाधिकारी सहित बाड़मेर, जोधपुर, कच्छ, मुंबई, उदयपुर,बालोतरा,से गुरु भक्तों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दी।

# पांच दिवसीय गैर महोत्सव का भक्त प्रहलाद चौक में समापन

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के बड़ी पोल के बाहर भक्त प्रहलाद चौक में आयोजित पांच दिवसीय गैर महोत्सव का समापन शुक्रवार देर रात्रि को पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में हुआ।

भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष अम्बालाल माली ने बताया कि शुक्रवार को शीतला माता मेले में अंतिम दिन गांवो से आने वाले सभी श्रद्धालुओं ने भक्त प्रहलाद चौक में 36 काम के गैरियों ने विभिन्न तरह की वेशभूषा में गैर नृत्य करने का खूब लुत्फ उठाया । साथ ही शुक्रवार देर शाम को जालौर के स्थानीय सभी समाजों के गेर दलों द्वारा भी शानदार एक ही वेशभूषा में गैर नृत्य किया । सभी समाजों के गैरीयो ने पैरों में घुंघरू कमर में दुपट्टा, सर पर साफा व कलंगी लगाये हुए बहुत ही सुंदर गैर दल द्वारा नृत्य किया गया। साथ ही स्थानीय गैर दल लगातार डेढ घंटे तक ताल से ताल मिलाकर ढोल व थाली के धाप पर गैर नृत्य किया । पंडाल में बैठे बडी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने खूब तालियां बटोर कर गैर कलाकारों का अभिवादन किया। साथ ही हांस्य कलाकार मदन प्रजापत व प्रिया बालोतरा ने भी फाल्गुनी व मारवाडी गीतों पर शानदार नृत्य कर वहां बैठे लोगों का मनोरंजन के साथ खूब हंसाया। इस मौके पर वहां बैठे बडी संख्या में श्रोताओं ने भी खूब तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया । साथ ही जालोर की सुप्रसिद्ध गैर माली पोलजी गैर दल द्वारा भी शानदार नृत्य किया गया।

साथ श्री सांवरिया घांची समाज गेर दल द्वारा भी शानदार नृत्य किया गया प्रजापत समाज गेर दल भी शानदार नृत्य किया गया। वही देवासी समाज व अन्य समाजों द्वारा भी गेर दलों व बाहर गांव से मुलेवा गांव की गैर दल हडमतगढ गांव की गैर दल बिजली गांव की गैर दल रामा गांव की गैर दल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।

इसके पश्चात भेरुनाथ अखाडे के योगी ईश्वरनाथ महाराज के द्वारा भामाशाह पुखराज घांची, हरिराम घांची, सोहन लाल घांची, सूजाराम का साफा माला व मोमेंटो देकर ईश्वरनाथ महाराज के द्वारा सम्मानित किया गया। सेवा समिति के संरक्षक सादुलाराम घांची, लक्ष्मण सिंह मेवाडा, मोहनलाल घांची, प्रहलाद राम माली व भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष अंबालाल माली, राकेश सोलंकी, राजू घांची मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष अंबालाल माली ने कहा कि भक्त पहलाद सेवा समिति के सभी वरिष्ठ सदस्यों का व जालौर की जनता का इस पांच दिवसीय गैर महोत्सव में हमें खूब प्यार वह आशीर्वाद मिला और इतने बडे मेले में किसी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना नहीं हुई। इसके लिए हमारे भक्त प्रहलाद समिति के कार्यकर्ता जालौर की जनता व मुख्य भूमिका रही। वही नगर परिषद, पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन का पांच दिन तक लगातार सुबह शाम सहयोग रहा। इसके के लिए समिति की ओर से आभार जताया। मंच संचालन विक्रम सोलंकी व नरपत आर्य ने किया।

## हिंदू नव वर्ष समारोह के लिए दायित्व सौंपे

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक 21 मार्च को संपन्न हुई, जिसमें आगामी नव वर्ष समारोह की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष हिंदू नव वर्ष का समाजोत्सव 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में संरक्षक डॉ. दाऊलाल शर्मा व अमृतलाल दैया की उपस्थिति में राजेंद्र शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मनोनीत अध्यक्ष शर्मा ने आयोजन समिति में उपाध्यक्ष अमृत सैन एवं नाथुराम गर्ग, सचिव अमृत भूतड़ा, सह-सचिव जमना पुरोहित, कोषाध्यक्ष विजय बीसानी, प्रचार प्रमुख गिरिराज डावाणी सहित सभी को दायित्व की घोषणा कर कार्य का विभाजन किया।

समारोह को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए नगर के प्रमुख चौराहों पर भगवा ध्वज, पताकाएं और बैनर लगाने का आग्रह किया गया। रंगोली सजाने एवं समस्त नगर व निकट के देवस्थान पर नवर्ष के शुभारंभ पर पुजारियों से आग्रह किया जाएगा कि एक तय समय पर शंखनाद व नगाड़ा वादन हो। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नगर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं की भजन मंडलियों द्वारा कीर्तन किया जाएगा। सभी आयोजनों की जिम्मेदारी कार्यक्रम प्रमुख को सौंपी गई।

## मेथीपुरा में विद्युत तार नीचे लटका, हादसे का डर

**रेवदर**, (निसं)। ग्राम मेथीपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर पोल की दूरी होने के कारण सप्ताह में एक दिन लाइट आती है, बाकी के दिनों में लाइट नहीं आने से स्कूल सहित ग्रामीणों के कार्य अधूरे रहते हैं। मेथीपुरा में पोल की दूरी होने के कारण ग्रामीणों ने एक लकडी का पोल बनाकर विद्युत तार को ऊपर की और कर रखा हुआ है, नहीं तो ये विद्युत तार बिल्कुल ही नीचे पडा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि कभी भी करंट लग सकता है।

पिंटू राम गरासिया ने बताया कि मेथीपुरा में करीब छह दिनों से लाइट बंद पडी हुई है। सीसीए आशीष कुमार को बताया तो उन्होंने कहा कि संध्या एकत्रित करके एक अलग से ट्रांसफर की व्यवस्था कर सकते हैं। जिसके कारण पैसे एकत्रिक करने होंगे।

प्रधानाचार्य चेनगिरी ने बताया कि मैने विभाग को कई बार अवगत कराया लेकिन विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक बार तो सहायक अभियंता कुलदीप कुमार ने भी कॉल रिसीव किया था तब उन्होंने कहा था कि जल्द ही पोल की व्यवस्था करके पोल लगा दी जाएगा लेकिन आज दिन तक कोई कारवाही नहीं हुई।

किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनपत सिंह देवडा ने बताया की विभाग जल्द ही पोल की व्यवस्था नहीं करता है हमको मजबूरन में धरना प्रदर्शन करना पडेगा। देवडा ने बताया की यदि स्कूल बच्चों के साथ कोई हादसा होता है तो जिम्मेदारी विभाग की रहेगी।

## एकल पट्टा मामला चर्चा में

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण नगरपालिका में सरकारी जमीन के एकल हस्ताक्षर पट्टों के वितरण प्रकरण मामले में पूर्व अधिशाषी अधिकारी तोफिक अहमद के स्थानांतरण और फिर स्थानांतरणधीन आदेशों ने मामले को और उलझा दिया है। वहीं, अधिशाषी अधिकारी जोधाराम विश्नोई का नाम भी इस प्रकरण में चर्चा में है।

मामले की शुरुआत नगरपालिका की जिला कलेक्टर द्वारा आवंटित खसरों मेकीमती सरकारी जमीन को एकल हस्ताक्षर से करोडों की जमीन कोडयों के दाम पर पट्टों में बांटने से हुई। जब यह मामला सोशल मीडिया और मीडिया में उछला, तो पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी के पालिका प्रांगण में प्रेस वार्ता के दौरान आदेश जारी कर उपखंड अधिकारी को जांच कमेटी बनाने के निर्देश दिए थे। तहसीलदार विवेक प्रकाश चारण की अध्यक्षता में पांच सदस्यों की टीम को पालिका प्रशासन ने पहली लिस्ट में मात्र सौ पत्रावलियां सौंपी, जबकि सैकडों फाइलें अभी भी जांच कमेटी को नहीं सौंपी गई। कमेटी ने अब तक मात्र सात पट्टों को खारिज किया। रोक के बाद भी कई पट्टे एकल हस्ताक्षर जारी किए गए।

